## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार गिरोह का पर्दाफाश, सात आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस ने एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में,आरोपियों के कब्जे से दो ऑटोमैटिक देशी पिस्टल,चार जिंदा कारतूस और दो मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जिनकी कुल कीमत लगभग 2.40 लाख है। मुखबिर की सूचना पर,सिविल लाइन थाना पुलिस ने आदर्श पाण्डेय को हिरासत में लेकर पूछताछ की।उसकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों, प्रबल सिंह बैस,सोम उर्फ विनीत मिश्रा, प्रमोद सिंह बैस,मन्नू उर्फ मृगेन्द्र सिंह,आशुतोष उर्फ निहाल सिंह और शानू उर्फ संग्राम सिंह को गिरफ्तार किया गया। ये सभी नवयुवक हैं और अवैध हथियारों का व्यापार कर समाज में दहशत फैला रहे थे। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी संगठित होकर हथियार खरीदने और बेचने का काम करते थे। अगर समय रहते यह कार्रवाई नहीं की जाती तो ये किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम दे सकते थे।इस मामले में एक फरार आरोपी सज्जू सिंह परिहार की तलाश जारी है। सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मैहर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आज

**मैहर।** सरना पैलेस मैहर में दोपहर 2 बजे से आत्मनिर्भर भारत,स्वदेशी एवं जीएसटी के विषय पर विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें विधानसभा के सभी उद्यमी, व्यापारी,फुटपाथ विक्रेता,समाजसेवी एवं प्रबुद्ध जन सहित सभी भाजपा के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं मातृ शक्तियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को सतना संसदीय सांसद गणेश सिह एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय संबोधित करेंगे।

### कोलगवां पुलिस ने 15 लाख रुपये के गहने चोर को पकड़ा

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र में,पुलिस ने घर में चोरी करने वाले एक आरोपी संदीप वंसकार को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी के पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के लगभग 15 लाख के गहने और एक पेटी बरामद की गई है। यह घटना 10अक्टूबर,को तब सामने आई जब फरियादिया दीपमाला सोंधिया ने अपने घर का ताला टूटा हुआ पाया।घर की जाँच करने पर,उन्होंने पाया कि पेटी में रखे सारे सोने-चांदी के गहने गायब थे।फरियादिया की शिकायत के बाद,पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर की सूचना पर संदीप वंसकार को हिरासत में लिया।पूछताछ के दौरान,आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। कोलगवां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से चोरी का सारा सामान बरामद कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### रनवे बढ़ाने को लेकर राजधानी भोपाल में कल बुलाई गई बैठक

# सरकारी की नाकामी और माफिया की मनमानी: सतना हवाई अड्डे पर कब्ज़ा, विकास ठप



**सतना। हवाई अड्डे का विकास दशकों से ठप्प पड़ा है,और इसकी वजह कोई और नहीं बल्कि भू-माफिया,रसूखदार नेता और प्रशासन की मिलीभगत है।करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी हवाई अड्डे का रनवे 1200 मीटर से 1800 मीटर तक लंबा नहीं हो पा रहा है। सालों से सिर्फ बातें हो रही हैं,लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि हवाई अड्डे की सैकड़ों एकड़ ज़मीन पर बड़े-बड़े लोगों ने अवैध कब्ज़ा कर रखा है।**

#### बड़े नाम, बड़े कब्जे

अतिक्रमण हटाने की हिम्मत न तो प्रशासन में है और न ही नगर निगम में। 2013 में ही यह स्वीकार किया गया था कि 74.30 एकड़ ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा है,जिसमें 49.30 एकड़ पर घर और झोपड़ियाँ बना ली गई हैं। हद तो तब हो गई जब 17 एकड़ पर मैहर बाईपास तक बना दिया गया। हाल ही में हुई जाँच में कई हैरान करने वाले खुलासे हुए। लगभग 120 अतिक्रमणकारियों की पहचान की गई,जिनमें जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी खुद शामिल हैं।विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक बड़े नेता की ढाई एकड़ की बगिया भी हवाई अड्डे की ज़मीन पर मिली। यह ज़मीन हवाई अड्डे के बीचोंबीच है और अगर इसे मुक्त करा लिया जाए तो रनवे की लंबाई 250 से 300 मीटर तक बढ़ सकती है।

#### कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति

अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन सिर्फ कागज़ी कार्यवाही और सीमांकन तक ही सीमित रहेगा? हवाई अड्डे का रनवे छोटा करने के असली गुनहगार यही रसूखदार और सत्ताधारी लोग हैं, जिन्होंने सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया है। इनकी वजह से एयरपोर्ट अथॉरिटी के पास 451.93 एकड़ ज़मीन ही बची है,जबकि पहले 981.29 एकड़ थी। अगर इन कब्ज़ों को नहीं हटाया गया,तो सतना में हवाई अड्डे का सपना,सपना ही बनकर रह जाएगा। सोमवार को भोपाल में एक बैठक बुलाई गई है,जिसमें इस अतिक्रमण और निजी ज़मीनों पर चर्चा होगी। देखना यह है कि क्या इस बार कोई ठोस कदम उठाया जाता है,या फिर यह भी पिछली बैठकों की तरह सिर्फ एक और खानापूर्ति बनकर रह जाएगा।



#### इनका कहना है

सतना में हवाई अड्डे का रनवे बढ़ाने को लेकर के सोमवार को भोपाल में बैठक आयोजित की गई है,जिसमें उक्त सिलसिले में बिंदुवार चर्चा की जाएगी।

**राहुल सिलाडिया, एसडीम सतना।**

# पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास और अर्थदंड

**सतना।** न्यायालय सत्र न्यायाधीश,सतना की पीठासीन अधिकारी श्रीमती गीता सोलंकी ने थाना बरौंधा के एक हत्या के अपराध में आरोपी रामावतार गोंड पिता प्रेमलाल गोंड उम्र 34 वर्ष,पेशा मजदूरी, निवासी ग्राम शाहपुर,थाना बृजपुर,जिला पन्ना म.प्र.,वर्तमान निवास ग्राम बनसाकर,थाना बरौंधा,जिला सतना को अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आजीवन कारावास एवं 5,000 (पाँच हजार) रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। मामले में राज्य की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक/शासकीय अभिभाषक (जीपी) रमेश मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त रामावतार गोंड के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 302 (हत्या) के अंतर्गत दंडनीय अपराध का आरोप था।

#### घटना का विवरण

लोक अभियोजक रमेश मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त रामावतार गोंड पर पत्नी ममता गोंड को लोहे की बकिया (धारदार हथियार) से मारकर उसकी साशय व सज्ञान हत्या कारित करने का आरोप था। सूचनाकर्ता करन मवासी ने उसी दिन थाना बरौंधा में सूचना दी थी कि उसकी भतीजी ममता गोंड की शादी रामावतार गोंड से हुई थी और वे करीब दो वर्ष से बनसाकर में रह रहे थे। आरोपी ममता को यह कहकर जंगल ले गया था कि लकड़ी कटी रखी है,चलकर ले आते हैं। देर शाम तक जब दोनों वापस नहीं आए तो करन मवासी और कुछ अन्य लोग जंगल में उन्हें ढूंढ़ने गए। शाम करीब 7 बजे बगदरा के पीछे दौर घाट के रास्ते के पास झाड़ियों में ममता की लाश पड़ी मिली। उसके दाहिने हाथ की बांह और गर्दन में धारदार हथियार की चोट थी और सिर के पास खून पड़ा था। जाँच के पश्चात अपराध क्र.121/2023 धारा 302 भा.दं.वि.के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई।

#### बचाव पक्ष का दावा

अभियुक्त रामावतार गोंड ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 की धारा 351 के अंतर्गत परीक्षण में यह व्यक्त किया कि वह गोंड समाज का है और उसने मवासी में शादी की है इसलिए लोग उससे जलते हैं। साथ ही,उसका करन मवासी से पैसे के लेन-देन का विवाद था,जिस कारण उसके विरुद्ध झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

#### न्यायालय का फैसला

विचारण के दौरान यह पाया गया कि रामावतार गोंड के द्वारा ही मृतिका ममता गोंड को धारदार बकिया से संघातिक चोटें पहुंचाई गईं,जिसके फलस्वरूप उसकी मृत्यु हुई,जो कि आपराधिक मानव वध की श्रेणी में है। न्यायालय ने साक्ष्य के आलोक में यह पाया कि अभियोजन पक्ष युक्तियुक्त संदेह से परे यह प्रमाणित करने में सफल रहा कि अभियुक्त रामावतार गोंड ने ही मृतिका ममता गोंड की मृत्यु कारित करने के आशय से लोहे की बकिया के द्वारा मल्टीपल चोटें पहुंचाकर उसकी हत्या की है।इसके आधार पर रामावतार गोंड को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अपराध में आजीवन कारावास और अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

# सड़क हादसे में छात्र की मौत; आक्रोशित ग्रामीणों ने किया जाम लगाने का प्रयास

**सतना।** जैतवारा थाना अंतर्गत पावा टोला के पास शनिवार सुबह सड़क हादसे में 12वर्षीय छात्र छोटा डोहर पुत्र दुर्गा डोहर की मौत हो गई। छात्र छोटा डोहर साइकिल पर सवार होकर जब स्कूल जा रहा था,तभी संग्राम टोला से पावा टोला की ओर जा रहे एक नई बोलेरो के चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी,जिससे बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। छात्र की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने परिजनों के साथ शव रखकर सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जैतवारा अभिषेक पाण्डेय स्टाफ सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया और पंचनामा तैयार कराने के बाद कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बिना नंबर के नए वाहन को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279,104 (1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है। दुर्घटना के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,साइकिल पर स्कूल जा रहा छात्र गड्ढे से उछलकर वाहन से टकराने के कारण हादसे का शिकार हुआ। पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर रही है।

### स्कूल बस की टक्कर से छात्रा घायल

सिविल लाइन थाना अंतर्गत बगहा के पास शनिवार की सुबह स्कूल जा रही एक छात्रा को लवडेल स्कूल की एक बस के चालक ने टक्कर मार दी,जिससे छात्रा घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक,मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने आनन-फानन में घायल छात्रा को प्रेम नर्सिंग होम पहुंचाया,जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,सड़क हादसे की तहरीर अभी प्राप्त नहीं हुई है। अस्पताल से तहरीर मिलने पर विस्तृत जानकारी दी जा सकेगी।बगहा निवासियों का कहना है कि जहां छात्रा दुर्घटनाग्रस्त हुई,वह स्थान 'ब्लैक स्पॉट' बना हुआ है।

## मध्य प्रदेश के राज्य मंगुभाई पटेल ने की मां शारदा देवी की पूजा अर्चना

**मैहर।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शनिवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान देवी मंदिर पहुंचकर मां शारदा के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह, राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़ सहित अधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल का विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी सहित जन प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



इसके उपरांत महामहिम राज्यपाल दोपहर लगभग 3 बजे मां शारदा देवी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मां शारदा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन के बाद राज्यपाल श्री पटेल ने एकलव्य विद्यालय मैहर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश की सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं आयुष्मान कार्य,आदिवासियों आदि के संबंध में बताया। इस दौरान सहभागिता की और विद्यार्थियों से संवाद किया भी किया।इसी के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन,सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन आदि की जानकारी ली।

## चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 13 वां दीक्षांत समारोह संपन्न

### समारोह में 37 पीएचडी, 540 स्नातक, 222 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उपाधि प्राप्त की



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 13वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के दीक्षांत प्रांगण में परम्परागत गरिमा,उल्लास और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और दीक्षांत समारोह के अध्यक्ष,मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 37 छात्रों को शोध उपाधि व 35 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक और 01 विद्यार्थी को नानाजी मेडल मंच से प्रदान किया। समारोह के मुख्य अतिथि और प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार रहे। विषिष्ट अतिथि राष्ट्रीय षिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली डॉ.अतुल कोठारी ने दीक्षांत उद्बोधन दिया। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.भरत मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन और प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कुलगुरू ने उपाधि धारकों को दीक्षांत शपथ भी दिलाई। दीक्षांत शोभायात्रा का नेतृत्व कुलसचिव डॉ.आरसी त्रिपाठी ने किया,जिसमें विद्यापरिषद और प्रबन्ध मण्डल के सदस्यों के साथ सभी संकायों के अधिष्ठाता सहभागी रहे। दीक्षांत समारोह का संचालन डॉ.ललित कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार,दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल,उपाधि और मेडल पाने वाले विद्यार्थी,उनके अभिभावक,गणमान्य नागरिक,प्रशासनिक अधिकारी,ग्रामोदय के शिक्षक,अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जन भावनाओं के अनुरूप बने मैहर जिले का कलेक्ट्रेट: त्रिपाठी

**मैहर।** मैहर के पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी ने धतूरा में बन रहे जिला कलेक्ट्रेट के निर्माण को लेकर कहा कि कलेक्ट्रेट का निर्माण कोई एक दिन या एक वर्ष के लिए नहीं हो रहा है। अमरपाटन और राम नगर भी हमारे अभिन्न अंग है इसलिए हमारे तमाम क्षेत्रीय नेताओं को एक होकर एक गोष्ठी के माध्यम से जिसमें आम जनता का हित सर्वोपरि रखा जा कर निर्णय लिया जाना चाहिए। आज कलेक्ट्रेट अलग कचहरी अलग कोर्ट अलग एसपी ऑफिस अलग ऐसे में हमारी जनता कल सफर करेगी तो अतिरिक्त बोझ उसपर पड़ेगा।



श्री त्रिपाठी ने कहा है कि अमरपाटन और मैहर के बीच कलेक्ट्रेट बनता है तो दोनों क्षेत्रों का समुचित विकास होगा। अधिकारी आज है कल नहीं रहेंगे इसलिए मनमानी न करें। उत्तम साकेत ने किया समर्थन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के जिलाध्यक्ष उत्तम साकेत ने मैहर के पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी का समर्थन करते हुए बड़ा बयान दिया है। जिलाध्यक्ष उत्तम साकेत ने कहा है कि पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी ने जो कुछ भी कहा है,वह पूर्णतः सत्य है और वह श्री त्रिपाठी की बातों से पूरी तरह सहमत हैं।

## आज नागौद में होगा साहित्यकारों का जमवाड़ा

**सतना।** प्रो.कमला प्रसाद स्मृति सम्मान समारोह के तहत आलोचना सम्मान प्रदान करने एवं प्रो. सेवाराम त्रिपाठी की पुस्तकों पर परिचर्चा हेतु कार्यकम का आयोजन आगामी रविवार नागौद के मिडवे ट्रीट होटल में सुबह 12.30 बजे से सुनिश्चित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बस्ती गोरखपुर प्रो.अष्टभुजा शुक्ला एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रो.सेवाराम त्रिपाठी करेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से प्रो. आशीष त्रिपाठी,डॉ.माया मिश्रा भोपाल,इंदु श्रीवास्तव जबलपुर,पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौराबाद, शिवशंकर मिश्र सरस सीधी,एड.संतोष खरे शामिल होंगे।

## सतना में बजेगा खेलो इंडिया का डंका!

**सतना।** जिले के लिए यह गर्व और उत्साह का क्षण है-खेलो इंडिया किकबॉक्सिंग अस्मिता विमेंस लीग 2025 की मेजबानी का अवसर पहली बार सतना को मिला है। यह रोमांचक प्रतियोगिता 26 अक्टूबर रविवार को सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल,सतना के प्रांगण में भव्य रूप से आयोजित की जाएगी।यह प्रतिष्ठित आयोजन भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है तथा यह प्रतियोगिता स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के ऑब्जर्वेशन में संपन्न होगी-जिससे इसकी राष्ट्रीय स्तर पर विशेष अहमियत बनती है। कार्यक्रम में एमेच्योर किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विनोद सोनवले एवं महासचिव आशुतोष दधीचि अपनी पूरी टीम के साथसतना में उपस्थित रहेंगे,जो प्रतियोगिता को विधिवत रूप देंगे। आरपीएस मार्शल आर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी के सीनियर खिलाड़ी और ऑफिशल्स सहयोगी होंगे। इस लीग में न केवल सतना जिले के बल्कि आसपास के जिलों की अनेक उत्कृष्ट गर्ल्स खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ सतना के सचिव सेंसाई अंबुज सिंह ने बताया कि यह आयोजन जिले के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय मंच तक पहुँचने का सुनहरा अवसर साबित होगा। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी आगामी मध्य प्रदेश टीम चयन ट्रायल में भाग लेंगे,वहीं राज्य के शीर्ष चार खिलाड़ी प्रतिष्ठित “वेस्ट ज़ोन” इवेंट (इंदौर) में अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे। भारत सरकार द्वारा विजेताओं को पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर रहेगा। सेंसाई अंबुज सिंह ने सभी मार्शल आर्टिस्टों से इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनने और खेल भावना के साथ भाग लेने की अपील की है।

**खेलो इंडिया किकबॉक्सिंग अस्मिता विमेंस लीग की मेजबानी से जिले को मिला गौरव**

## अंबेडकर पर की गई अभद्र टिप्पणी पर जलाया पुतला

**मैहर।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिला कमेटी मैहर के तत्वाधान में संगठन बनाओ अभियान एवं कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन ओमकार पैलेस मैहर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे प्रदेश संयोजक सुनील बैरसिया,जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट विक्रम सूर्यवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र बौद्ध एवं असपा प्रदेश सचिव सिद्धार्थ नालंदा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्वालियर के वकील अनिल मिश्रा के द्वारा बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर पर की गई अभद्र टिप्पणी की कड़ी निंदा की गई। इस आपत्तिजनक कृत्य के विरोध में भीम आर्मी मध्यप्रदेश के नेतृत्व में अनिल मिश्रा का प्रतीकात्मक कुत्ता बनाकर ओमकार पैलेस से लेकर घंटाघर चौराहा में विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।कार्यक्रम के दौरान मैहर फॉरेस्ट कंजर्वेशन से संबंधित मुद्दों पर भी कड़ा विरोध दर्ज किया गया।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से राघवेंद्र अहिरवार (जिलाध्यक्ष असपा),पंकज सिंह पटेल (वरिष्ठ नेता), राहुल चौधरी (पूर्व संभाग सचिव), विजय चौधरी (पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा),दीपक प्रजापति (जिला सह संयोजक), सूरज सूर्यवंशी,चौधरी अभिषेक साकेत (तहसील संयोजक), अभिषेक चौधरी, नागेंद्र (जिला सचिव), राजकमल साकेत (जिला संयोजक छात्र संघ),रामप्रकाश कोल (जिला सह संयोजक), राजकुमार बौद्ध, विवेक सूर्यवंशी, सोनू रावत, गोरेलाल साकेत, महेंद्र चौधरी, प्रवीण अंबेडकर, ऋतिक अंबेडकर, सुरेश साकेत, नागेंद्र एवं अन्य अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## बहुजन समाज पार्टी ने विभिन्न जन समास्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** जिले भर के बहुजन समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने 10 अक्टूबर को कलेक्टर में ज्ञापन सौपा ज्ञापन के माध्यम से बहुजन समाजवादी पार्टी ने बताया की एससी एसटी ओबीसी के करीब किसानों को खाद नहीं मिल रही है अजयगढ़ में हुए तोहरे हत्याकांड आज तक अपराधी नहीं पकड़ा गया, गढोखर में चैधरी के लड़के का शव मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई परिजनों को थाने से भगा दिया गया सुनवानी थाना क्षेत्र के मनपुरा में एक लड़के की आंखें निकाल कर पेड़ पर टांग दिया गया जिसका खुलासा आज तक नहीं हुआ, बिजावर ग्राम के अहिरवार लड़के की जेल हिरासत में हत्या कर दी गई जिसका खुलासा आज तक नहीं हुआ ग्राम बछरवारा में सुखलाल चैधरी की ब्राह्मण लड़के द्वारा हत्या कर दी गई,थी मृतक के परिजनों को सहायता राशि प्रदान करवाई जाए अनुसूचित जाति की 70 वर्ष पुरानीबस्तियों में दबंगों द्वारा अवैध पट्टे दिलाकर बस्तियां खाली कराने की धमकियां दी जा रही है जैसे तिघरा बुजुर्ग बेली हिनौती सिंघौरा विष्णु मानिकपुर शामिल है अनुसूचित जनजाति बास्तियो में श्मशान घाट की व्यवस्था कराई जाए आदिवासियों की जमीन के वन भूमि के पट्टे वितरण किया जाय किसानों को ग्राम पंचायत की दुकानों में खाद उपलब्ध कराई जाए राजापुर में सीलिंग एक्ट के तहत विस्तृत की गई जमीनों से कब्जा हटाकर गरीबों को दी जाए ग्राम खम्हारिया में दुर्गा विसर्जन के समय हुई दुर्घटना में मौत के मृतक परिवार लोगों जनों को सहायता राशि दिलाई जाए।

## तेज रफ्तार मोटर बाइक असंतुलित होकर गिरी, तीन घायल

**अमानगंज** - पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज - सिमरिया सड़क मार्ग पर बीती रात एक तेज रफ्तार मोटरबाइक बाईपास के पास एक हाइवा से टकराते- टकराते बच कर सड़क के नीचे उतर कर असंतुलित हो कर दुर्घटना का शिकार हो गई । जिसमें तीन लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में ईलाज हेतु दाखिल कराया गया। जिनका प्राथमिक उपचार कर एक को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।

**कालीदास समारोह विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता जो उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय पन्ना में लोक शिक्षण संचानालय से निर्धारित स्थान था, फिर भी जुगाड़ चर्चा**

# पन्ना विकासखण्ड की प्रतियोगिता आर.पी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-2 में जुगाड़ व्यवस्था से सम्पन्न

**कारण मैरिट कममींष परीक्षा का निर्धारण 11 अक्टूबर को हुई, निर्धारित बता दिया गया जबकि यह परीक्षा 11 अक्टूबर आयोजित ही नहीं थी। आखिर हालात जुगाड़ व्यवस्था को लेकर किसी तरह से आर.पी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-02 में कराई गई प्रतियोगिता। आखिर इस प्रतियोगिताओं को लेकर जहां लोक षिक्षण संचानालय से निर्धारित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय आर.पी. किया गया था। फिर भी किसी तरह से कालीदास समारोह 2025 की विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता कराई गई सम्पन्न। वहीं विकासखण्ड षिक्षा अधिकारी प्राचार्य को नोटिस की धमकी दे रहे थे जो अपने आप में कहीं न कहीं हालात प्रतियोगिता के सम्पन्न कराये जाने को लेकर देखते ही बनते थे।**

**पन्ना।** जिले में हालात किस तरह के कायम है यहां इस प्रतियोगिता से ही सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि जहां कालीदास समारोह 2025 की प्रतियोगिता का आयोजन स्पष्टतौर पर संचालक



लोक षिक्षण संचानालय मध्यप्रदेष भोपाल से जहां जगह को भी निर्धारित किया गया। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय को लेकर पर जिले में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कालीदास समारोह विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन को जहां सम्पन्न कराया जाना था वहां 11 अक्टूबर 2025 को मैरिट कममींष परीक्षा केन्द्र निर्धारित होना बताया गया। जिसके चलते विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय आर.पी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 02 में किसी तरह से कराई गई। ये हालात देखते ही बनते थे



जहां प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर अंततः विद्यालय में किसी तरह सम्पन्न कराने को लेकर औपचारिकता अधिकारियों के द्वारा माना गया। इतना ही नहीं इस तरह जहां सरकार के प्राथमिकता संस्कृति को लेकर हमारे ऐसे समारोह जिन्हें उचित माना जाता है फिर भी इन्हें सम्पन्न कराने में अधिकारियों को कहीं न कहीं भार क्यों? जगह का निर्धारण भी फिर भी आयोजित कराने में विकासखण्ड षिक्षा अधिकारी को स्वयं बिना बजट के प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर जुगाड़ ही तालासना हुआ। देखते ही बनते थे हालात जहां आर.पी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-02 में प्रतियोगिता में भागीदारी निर्वाहन करने के लिए छात्र-छात्रायें भी मौजूद थी। वहीं विद्यालय में जगह की तालाष की जा रही थी। जिला षिक्षा अधिकारी के समन्वय को लेकर मौखिक रूप से प्राचार्य आर.पी. क्रमांक-02 को प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर कहा गया। वहीं विकासखण्ड षिक्षा अधिकारी इस प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर स्वयं जो नोटिस तक प्राचार्य को देने की बात बयां कर रहे थे। आखिर जिला षिक्षा अधिकारी के प्रयासों से कहीं न कहीं प्रतियोगिता का आयोजन आर.पी. क्रमांक-02 में जुगाड़ व्यवस्था के चलते सम्पन्न कराया गया। जबकि सबसे बड़ा सवाल यह है कि कालीदास समारोह 2025 विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर स्पष्टतौर पर जहां लोक षिक्षण संचानालय के द्वारा आदेष में ही विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयों का स्थान सुनिष्चित किया गया था। साथ ही गौरतलब बात यह है कि 11 अक्टूबर 2025 को जहां मैरिट कममींष परीक्षा का केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक पन्ना को निर्धारित होना बताया गया है। जबकि यह परीक्षा का आयोजन 11 अक्टूबर को था ही नहीं। आखिर हालात प्रतियोगिता के आयोजन में कठिनाईयों को लेकर चर्चा में रहा जब आर.पी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-02 में किसी तरह से विकासखण्ड षिक्षा अधिकारी जो प्रतियोगिता को लेकर कराते देखे गये। जब आपसे यह जाना गया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं को लेकर किसी तरह का बजट भी प्रावधान को लेकर किया जाता है तो जवाब में विकासखण्ड षिक्षा अधिकारी अषोक कुमार मिश्रा द्वारा बताया कि मैं अपने से प्रतियोगिता मे व्यय करता हूं यह लेता भी नहीं हूं, बजट आता हो या नहीं यह मुझे मालूम भी नहीं। आखिर प्रतियोगिता के आयोजन को भार समझकर जो कराया गया यह हमारे जिले के लिए एक बड़ा उदाहरण है। आखिर हम षिक्षा विभाग में अधिकारियों के सोच के चलते क्या संदेष अपने छात्र-छात्राओं के भविष्य व उनकी सोच को बेहतर बनाने के लिए दे रहे है।

# पन्ना पुलिस द्वारा छात्राओं को दी गई साइबर सुरक्षा की जानकारी





**पन्ना।** बढ़ते साइबर अपराधों से युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पन्ना में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनहर हायर सेकेंडरी स्कूल से आई हुई छात्राओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियाँ दी गईं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बताया गया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय छोटी-छोटी सावधानियाँ अपनाकर बड़े साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। साइबर विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को निम्न महत्वपूर्ण सुरक्षा टिप्स बताए गए-सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति को मित्र न बनाएं एवं अज्ञात व्यक्ति की रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। किसी भी अजनबी व्यक्ति को अपना व्यक्तिगत डेटा, फोटो या मोबाइल नंबर साझा न करें। अपने व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे अकाउंट्स को पासवर्ड लॉक करके रखें। केवल अधिकृत वेबसाइटों से ही ऑनलाइन शॉपिंग करें। डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड से सतर्क रहें। किसी अनजान लिंक या संदिग्ध मैसेज पर क्लिक न करें। फेक क्रेडिट या बैंक मैसेज को हमेशा सत्यापित करें। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं ने साइबर सुरक्षा शपथ ली और यह संकल्प लिया कि वे स्वयं सुरक्षित रहकर दूसरों को भी जागरूक करेंगी। इस जागरूकता कार्यक्रम में साइबर एक्सपर्ट राहुल सिंह बघेल एवं आशीष अवस्थी द्वारा छात्राओं को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से साइबर अपराधों की रोकथाम के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में मनहर स्कूल की शिक्षिका भावना बिंदुआ विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में डिजिटल सतर्कता और ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।

# पवई में शिक्षा सुधार हेतु मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**पवई।** जनपद शिक्षा केंद्र पवई में शनिवार को प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष गौतम की अध्यक्षता एवं बीआरसी राजेश पटेल के संयोजन में विकासखंड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में सभी 13 जनशिक्षा केंद्रों के जनशिक्षक एवं सह-समन्वयक साक्षरता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। बैठक में चाइल्ड ट्रेकिंग एवं मेन स्ट्रीमिंग के संबंध में दिवाकर मणि पटेल ने विस्तृत जानकारी प्रदान की,वहीं एमआईएस प्रभारी जीतेन्द्र सिंह पेड्रो ने यू-डाइस प्लस पर बच्चों की प्रोफाइल अपडेशन व मेन स्ट्रीमिंग की प्रक्रिया समझाई। एमडीएम प्रभारी जय सिंह ने मध्यान्ह भोजन वितरण व्यवस्था में तकनीक के उपयोग और ऐप संचालन पर चर्चा की। बीएसी श्रीकांत पटेल ने आवधिक आंकलन ट्रैकर एवं पुस्तकों के प्रभावी वितरण पर चर्चा की। ब्लॉक साक्षरता सह-समन्वयक रमेश प्रजापति ने आदर्श सामाजिक चेतना केंद्र के संचालन पर मार्गदर्शन दिया। एमआरसी महेश्वरी पटेल ने दिव्यांग बच्चों की योजनाओं, चिन्हांकन, विशेष शिक्षण सहायता की जानकारी बैठक में साझा की।विकसित भारत बिल्डाथोन 2025रू ब्लॉक प्रभारी अमित रेले ने शिक्षक व छात्र पंजीकरण तथा नवाचारी आइडियाज पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया स्पष्ट की। ब्लॉक ऑपरेटर बड्डू यादव ने गणवेश, साइकिल, वितरण एवं शाला अधोसंरचना के संबंध में चर्चा की व जानकारी संकलित की। बीआरसी राजेश पटेल ने बैठक के सभी एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा व विस्तृत समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट साझा की। प्रभारी बीईओ संतोष गौतम ने सभी जनशिक्षकों को शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने, छात्रों की उपस्थिति में सुधार, और सभी कंपोनेंट्स समय पर पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक का संचालन विकासखंड अकादमिक समन्वयक रघुवीर तिवारी ने किया। अंत में सभी उपस्थित शिक्षकों और अधिकारियों ने एकमत से शिक्षा प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नए कदम उठाने तथा निर्धारित कार्य समय पर पूर्ण करने का संकल्प लिया।




# रास के रमैया के जयकारों से बंगला जी मंदिर में गूंजा पन्ना



## पन्ना में अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव का भव्य समापन



**विजयदशमी से पंचमी तक चले 10 दिवसीय महोत्सव में शरद पूर्णिमा में पूनम की महारात्रि में श्रीजी की सवारी रास मंडल में विराजमान हुई थी, श्री प्राणनाथ जी की सेवा बंगाल की में पधराने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव का भव्यता के साथ संपन्न हो गया।**

**पन्ना।** अन्तर्राष्ट्रीय शरदपूर्णिमा महोत्सव अपने परम्परागत भव्यता के साथ सम्पन्न हो गया। श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के पूर्व सचिव राकेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार प्रातरू 9 बजे झीलना कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद जैसे ही अक्षरातीत परब्रह्म विजयाभिनंद बुद्ध निष्कलंक श्री प्राणनाथ जी की सेवा रासमण्डल से बंगला साहिब की तरफ रवाना हुई तो सुन्दरसाथ के कण्ठों से धाम के धनी ( रास के रमैया) के जयकार से पन्ना का आसमान गुंजित हो उठा। नाचते-गाते नर-नारी श्रद्धालु अपने प्रीतम को बंगला साहिब मंदिर में आसन ग्रहण करने के साथ ही शरदपूर्णिमा महोत्सव अपनी भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। पवित्र नगरी धाम पन्ना में विजयादशमी से पंचमी तक चले इस दस दिवसीय महोत्सव में शरद पूर्णिमा पूनम की महारात्रि में श्रीजी की सवारी रास मण्डल में विराजमान हुई थी। उसके पश्चात शनिवार पंचमी के दिन के भोर होते ही रासमण्डल से विजयानंद बुद्ध निष्कलंक अवतार श्री प्राणनाथ जी (अखण्ड रास के रमइया) की सेवा बंगला साहिब में पधराने के साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय शरदपूर्णिमा का आयोजन भव्यता के साथ सम्पन्न हो गया।

**शरद पूर्णिमा से पंचमी एक महारात्रि**-प्रणामी धर्मावलिम्बयों के अनुसार रासमण्डल जो शरद पूर्णिमा से पंचमी तक चलती है वास्तव में एक महारात्रि है। जिसमें महामति अनन्त स्वरूप धारण कर अपने सुन्दरसाथ के संग बृज की लीलाएं पुनरू कलियुग में सम्पन्न करते हैं. इस महारात्रि मे सुन्दरसाथ श्रीजी को अपने पिया के स्वरूप में देखते हैं तथा सुख के अनंत दिव्य सागर में गोते लगाते हैं।

**दही से भरी मटकी लेकर नाचे सुंदरसाथ-**
परम्परानुसार शोभायात्रा के साथ सजी हुई मटकी में दही भरकर नाचते सुंदरसाथ श्रद्धालु नजर आये। इसमें एक तरफ जहां पुरूष श्रद्धालु मटकी लेकर अपने आप में मग्न थे तो वहीं महिला श्रृद्धालु की टोली भी मटकी ले-लेकर श्रीजी की रिझाने की कोशिश कर रही थी। यह दृश्य देखते ही बनता था. सभी श्रृद्धालु एक बार अपने सिर में मटकी रखकर नाचने की कोशिश में दिख रहे थे।

**उल्टी परिक्रमा कर ठगिनी माया को दिखाई पीठ**-आज प्रातरू से ही मंदिर में सुन्दरसाथ श्रीजी की सवारी का हिस्सा बनने तथा रास के बाद माया जो सभी प्राणीमात्र को अपने दूसरे पे नचाकर परमधाम जाने की राह में रोड़ा अटकाती है को पीठ दिखाकर उल्टी परिक्रमा कर यह जताने का प्रयास किया कि ष्हे माया ठगिनी अब हमें पारब्रम्ह से मिलने में तुम हमारा रास्ता नहीं रोक सकतीं हो। तत्पश्चात झीलना सम्पन्न कर विभिन्न प्रकार के गीतों, वाणी गायन, नृत्यों तथा मनमोहक संगीत की धुन पर जब श्रीजी की सवारी रासमण्डल से निकली तो धाम के धनी की जयकार व प्राणनाथ प्यार्रे की जयकार से पन्ना का आसमान गूंज उठा. श्रीजी की सवारी अपनी भव्यता व अलौकिक तेज के दर्शन सुन्दरसाथ को कराती हुयी पुनरू बंगला साहिब पहुंची। इस अवसर पर सुन्दरसाथ ने श्रीजी पर सुन्दर पुष्प मालाएं भेंट कर अपना जीवन सवारने तथा परमधाम में अपना स्थान बनाने की अपनी ललक के साथ अपनी-अपनी मनौती प्रभु के समक्ष रखी।

**सुंदरसाथ ने रासमण्डल में उतारी आरती-** शनिवार की सुबह जब इस महारास अपने समापन पर था और रासमण्डल ब्रम्हचबूतरे पर श्रद्धालु उपस्थित थे। सुबह लगभग 08:30 बजे श्रीजी की रासमण्डल में आरती की गई जिसमें उपस्थित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने एक साथ आरती कर अपने आपको धन्य महसूस किया।

**श्री प्राणनाथ मंदिर ट्रस्ट ने किया आभार व्यक्त-**
विजय दशहरा से पंचमी तक चले अंतराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के समापन उपरांत श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं ट्रस्टियों ने इस महोत्सव का सफल आयोजन में सहयोग करने वाले समस्त जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन, व्यापार मंडल सहित समाजसेवियों व समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया और आगे भी सहयोग की अपेक्षा की।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज की संगठनात्मक बैठक संपन्न

## डीएपी यूरिया खाद की समस्याओं को लेकर तहसीलदार अमानगंज को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के दिशा निर्देशन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के तत्वाधान में साईं मंडपम अमानगंज में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूत की अध्यक्षता संगठन सृजन अभियान को गतिशील बनाने के लिए एवं वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान संचालन के लिए बैठक संपन्न हुई जिसमे जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना अध्यक्ष श्री अनीश खान जी की मुख्य तिथि में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा नियुक्त संगठन सृजन अभियान ब्लॉक अमानगंज प्रभारी श्री अजय श्रीवास्तव एवं वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान ब्लॉक अमानगंज प्रभारी श्री आशीष बागरी जी एवं ब्लॉक अमानगंज केवरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई बैठक में कांग्रेस संगठन सृजन ब्लॉक अमानगंज प्रभारी अजय श्रीवास्तव जी द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी देकर कांग्रेस जनों को अवगत कराया बूथ मंडलम सेक्टर ब्लॉक स्तर तक संगठन सृजन के माध्यम से संगठन को मजबूत करना है जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान जी द्वारा संगठन सृजन वोट चोर गददी छोड़ राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान एवं संगठन को मजबूत करने के लिए हर ब्लॉक



स्तर पर बैठक संपन्न की जा रही है एवं वूथ मंडलम सेक्टर तक कांग्रेस को संगठन कोमजबूत करने के लिए कांग्रेस की रीति नीति कोजन जन तक पहुंचना है वोट गद्दी छोड़ राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान ब्लॉक अमानगंज प्रभारी आशीष बागरी जी द्वारा उपस्थित कांग्रेस जनों को ब्लाक अमानगंज में फार्म वितरित किए गए पूर्व प्रत्याशी जीवनलाल सिद्धार्थ नगर परिषद अमानगंज उपाध्यक्ष सौरभ दुबे दिनेश पांडेय सतीश दुबे जी कमल सिंह राजपूत द्वारा संगठन सृजन के माध्यम से ब्लाक स्तर पर मजबूत करने को लेकर सुझाव रखे गए उपस्थित ब्लॉक एवं जिला पदाधिकारी कांग्रेस जनों ने हस्ताक्षर किए वार्ड क्रमांक 14 नगर परिषद अमानगंज केपूर्व प्रत्याशी श्री महाकौशल चैधरी जी ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष पन्ना श्री अनीश खान जी द्वारा कांग्रेस पार्टी सदस्यता ग्रहण की बैठक के उपरांत ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भभूत सिंह राजपूत के नेतृत्व में जिला कांग्रेस अध्यक्ष पन्ना अवनीश खान जी की उपस्थिति में किसानों को समय पर डीएपी यूरिया खाद उपलब्ध करने श्रीमान तहसीलदार अमानगंज को ज्ञापन सोपा बैठक एवं ज्ञापन में प्रमुख रूप से विधानसभा गुनौर पूर्व प्रत्याशी जीवनलाल सिद्धार्थ वरिष्ठ नेता अरुण कुमार सक्सेना वरिष्ठ नेता हीरालाल हीरालाल गुरुद्वान वरिष्ठ नेता रम्मूमणि यादव भागवत प्यासी नगर परिषद अमानगंज उपाध्यक्ष सौरभ दुबे पूर्व जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष संजय पटेल पूर्व नगर परिषद अमानगंज अध्यक्ष हक्कुन दहायत राम भगत सोनी रमेश द्विवेदी कार्यवाहक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमानगंज जवाहर पटेल संजय रेजा दिनेश पांडे रामकरण पांडे हिम्मत बागरी राम भगत सोनी नीरज खरे आईटी सेल ब्लॉक अध्यक्ष अमानगंज प्रमोद तिवारी वसीम खान सरपंच ओम प्रकाश अहिरवार पुरुषोत्तम पिडहा सतीश दुबे कन्हैयालाल ताम्रकार कमल सिंह राजपूत बलवान सिंह राजपूत संतोष गुरुदान पीयूष देव सिंह परमार मुन्नालाल पाल शंकर श्रीवास्तव इंद्रजीत पटेल लक्ष्मण पटेल बद्री पटेल रविंद्र पांडे अमित द्विवेदी मनोज कुमार बढ़ बढई वीरेंद्र खटीक पन्नालाल साहू सरपंच फोई लाल चैधरी धूराम चैधरी लक्ष्मण पटेल गुमान सिंह यादव महेंद्र पटेल विजय सिंह राजपूत पहलाद तिवारी बुद्ध सिंह सोलंकी गुमान सिंह यादवहंसराज बागरी प्रमोद कुमार पांडे मुन्ना चैधरी आनंद पटेल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी पर्व पर कमताना ग्राम में निकला पथ संचलन

**पन्ना। जिले के अमानगंज खंड अंतर्गत कमताना उपखंड में विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे दिनांक 10 अक्टूबर को कमताना ग्राम मैं पद संचलन निकाला गया। जिसमें सैकड़ो स्वयंसेवक शामिल हुए।**
कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में सर्वप्रथम शस्त्र पूजन मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से कराया गया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के बारे में स्वयंसेवकों को उद्बोधन दिया जिसमें उन्होंने कहा कि परम पूज्य डॉ. केशवबलिराम हेडगेवार ने 1925 मे संघ की स्थापना की थी। उस समय पांच लोग जुड़े थे, लेकिन आज लाखों कार्यकर्ताओं का संगठन बन चुका है। उन्होंने कहा कि 100



वर्षों की यात्रा में कई उतार-चढ़ावआए, फिर भी संघ निरंतर आगे बढ़ता गया। और संघ का स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से कार्य करता है। आगे उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन के ऊपर प्रकाश डालते हुए कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण , सामाजिक समरसता, स्वदेशी, एवं नागरिक कर्तव्य के बारे में विस्तार पूर्वक स्वयंसेवकों एवं उपस्थित ग्राम वासियों को जानकारी दी।

**नाम सुधार सूचना**

मैं सत्यवती कुशवाहा उर्फगुलाब रानी कुशवाहा पत्नी स्वामी प्रसाद कुशवाहा उम्र 52 वर्ष निवासी मडैयन कठवरिया तहसील गुनौर जिला पन्ना म.प्र. की होकर निम्नकथन शपथपूर्वक करती हूँ कि मैं ग्राम मडैयन कठवरिया तहसील गुनौर जिला पन्ना म.प्र. कि विवाह उपरांत से पुस्तैनी निवासी हूँ। जहां पर मेरी चल व अचल संपत्ति विद्यमान है। मेरा नाम सत्यवती कुशवाहा शादी के पहले मायके में बोला व दस्तावेजों पर लिखा गया है। विवाह उपरांत मेरा नाम मेरी ससुराल में गुलाब रानी कुशवाहा रख दिया गया था जिससे मेरे आधार कार्ड एवं निर्वाचन आई डी कार्ड में उल्लेख है। मैं सत्यवती कुशवाहा उर्फ गुलाब रानी कुशवाहा दोनो ही नामों से जानी पहचानी जाती हू और दोनो ही नाम मुझ अकेली महिला के है। मेरा नाम सत्यवती कुशवाहा उर्फ गुलाब रानी कुशवाहा दोनो ही नामो से मैं जानी पहचानी जाती हू तथा दोनो ही नाम मुझ एक ही महिला व्यक्ति के है। जिसके समर्थन में मैं यह शपथपत्र दे रही हू। जिस पर कोई भी छल कपट व छिपावन नहीं है जो सही व सत्य है।

दिनांक- 06.10.2025

नि.अ.
सत्यवती कुशवाहा उर्फ
गुलाब रानी कुशवाहा

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजनों हेतु विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का हुआ आयोजन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया निःशक्त जनों के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का स्व-रोजगार केंद्र में उनका प्रशिक्षण आयोजित किया था तब वहां पर दिव्यांगजनों ने उनसे कहा था कि हम लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस यदि मिल जाए तो हम आगे कुछ अपना काम कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से दिव्यांगजनों के लिए ड्राइविंग लाईसेंस शिविर कलेक्ट्रेट परिसर में लगाया गया था। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया अभी तक 60 प्रतिभागियों ने अपने दस्तावेज दिए हैं। आरटीओ दमोह दस्तावेजों में जो भी उनकी फॉर्मेलिटीज को कंप्लीट कर रहे हैं और नियमानुसार उनको फिर जैसी पात्रता और नियम होगा वैसे उनको ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की करवाई की जायेगी। उन्होंने कहा भविष्य में भी ऐसे कैंप आयोजित किए जायेंगे।


### पटाखा दुकानें शहर के दूर स्थान पर लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश जारी

**दमोह।** दीपावली के अवसर पर शहर के मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर पटाखों की दुकानों से यातायात बाधित एवं जन-हानि होने की संभावना रहती है, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। जनसुविधा, जनसुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि पूर्व वर्ष की तरह पटाखों की सभी अस्थायी दुकानें हटा नाका, दमोह में स्थापित की जायें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने हटा नाका, दमोह में अस्थायी पटाखों की दुकानों के संचालन के दौरान कानून व्यवस्था, जनसुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने विभिन्न विभागों/अधिकारियों को उत्तरदायित्व सौंपे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा विभागवार व्यवस्थाएं समयबद्ध और समुचित रूप से सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हटा नाका दमोह में सभी अस्थायी दुकानों का आकार एक समान होना चाहिए। दो दुकानों के मध्य निर्धारित मानक अनुसार दूरी रखी जाना सुनिश्चित किया जाये। दुकानों के आवंटन के संबंध में लॉटरी या अन्य पारदर्शी प्रणाली का उपयोग किया जाए।

### आज होगा कलाकारों द्वारा लोकगीतों का आयोजन

**छतरपुर।** नगर पालिका परिषद छतरपुर द्वारा आयोजित मेला जलबिहार 2025 में रविवार, 12 अक्टूबर की संध्या को नगर पालिका प्रांगण स्थित मंच पर लोकगीत का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लोक कलाकार रामकुमार प्रजापति (खरगापुर), गीता राज (टीकमगढ़), रोशनी पटेल (पन्ना) सहित छतरपुर जिले के चर्चित कलाकार नीलम तिवारी, रजनी भारती, सरोज सरगम, मुन्ना सैनी, जयप्रकाश पटेरिया, रज्जू राजा तथा आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से जुड़े कलाकार शामिल होगें।

### श्रीमती मीरा लोधी का सहायक प्राध्यापक में चयन



**हरिभूमि न्यूज:तारादेही।** संघ लोक सेवा आयोग की सहायक प्राध्यापक परीक्षा में ग्राम तारादेही से श्रीमती मीरा लोधी का चयन हुआ हैं। परीक्षा का परिणाम गुरूवार शाम को घोषित किया गया जिसमें मीरा लोधी अनारक्षित वर्ग से 29 वीं रैंक हासिल की हैं। वर्तमान में श्रीमती मीरा लोधी पन्ना जिले के अजयगढ़ ब्लांक में महिला बाल विकास में पर्यवेक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। साथ ही प्रभारी परियोजना अधिकारी का कार्यभार संभाल रही हैं। मीरा लोधी तारादेही के प्रतिष्ठित ठाकुर परिवार शिक्षक गुड्डा सिंह ठाकुर के पुत्र मयंक सिंह लोधी जो भोपाल अखिल भारतीय आर्यु विज्ञान संस्थान में फार्मास्टिस के पद पर पदस्थ हैं जिनकी पत्नि हैं। इस उपलब्धि पर तारादेही वरिष्ठ जन एवं शिक्षक गुड्डा सिंह की मित्र मंडली के अलावा तेंदूखेडा नगर के सभी शिक्षकों ने बधाई दी हैं।

---

**ड्रोन से भयभीत ग्रामीणों ने युवक को खंभे से बांधकर पीटा, पुलिस ने नहीं किया मामला पंजीबद्ध**

# करवा चौथ पर युवक रिश्तेदारी में घर आया था, रात में शौच के लिए बाहर गया ग्रामीणों ने शक के चलते युवक के साथ लात-घूंसों और डंडों से जमकर मारपीट की






**मातगुवां। थाना क्षेत्र में करवा चौथ पर रिश्तेदारी में आया एक युवक ग्रामीणों के शक का शिकार हो गया। ड्रोन उडने की अफवाहों से डरे गांव के लोगों ने युवक को चोर समझकर न केवल पकड़ लिया बल्कि उसे खंभे से बांधकर बेरहमी से पीटा।**

जानकारी के अनुसार फूल सिंह प्रजापति निवासी गुलाट थाना बिजावर जो पुणे में मजदूरी करता है, करवा चौथ पर अपनी छोटी बहन चंदा और बड़ी बहन कुसुम के घर मातगुवां आया था। रात में शौच के लिए बाहर गया तो मोबाइल की रोशनी देखकर ग्रामीणों को शक हुआ। गांव में बीते दिनों से ड्रोन उडऩे की घटनाओं के चलते लोग पहले से सतर्क थे। ग्रामीणों ने उसे अज्ञात व्यक्ति समझकर पकड़ लिया और राधे, सोनू, राजेश सहित करीब 50 लोगों ने युवक के साथ लात-घूंसों और डंडों से जमकर मारपीट की। इसके बाद बिजली के खंभे से हाथ-पैर बांधकर पीटा गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को थाने ले गई, लेकिन आश्चर्य की बात यह रही कि मारपीट की शिकायत दर्ज नहीं की गई। युवक की पीठ पर चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से रात में गांव के ऊपर ड्रोन उड़ते देखे जा रहे हैं। पुलिस भी जांच में जुटी है लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला। इसी डर के कारण गांव के लोग रात में निगरानी कर रहे हैं। मोबाइल की रोशनी देखकर ग्रामीणों ने उसे ड्रोन या चोर समझ लिया और बिना कुछ सुने पिटाई कर दी। पीड़ित फूल सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन दिया है और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**इनका कहना है -**

पीड़ित युवक द्वारा कुछ लोगों के नाम बताए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है।

**अंकुर चौबे**
थाना प्रभारी, मातगुवां

---



# पीड़िता ने एसपी को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नौगांव रोड पर जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई छीना-झपटी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदन दिया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता मालती चौरसिया ने बताया कि उनके परिवार की जमीन पर आनंद चौरसिया और ललित चौरसिया द्वारा जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि यह जमीन पिछले 25 वर्षों से उनके कब्जे में है, लेकिन उनके चाचा ने बिना जानकारी दिए जमीन बेच दी। इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ। पीड़िता ने बताया कि परिवार का सोना-चांदी भी चाचा के पास रखा हुआ है और उसी आधार पर वे दुकान पर कब्जा किए हुए हैं। वायरल वीडियो में ललित और आनंद चौरसिया को मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। पीड़िता के अनुसार जब वह थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचीं तो पुलिस ने अगले दिन आने को कहा। न्याय की गुहार लेकर पीड़िता शनिवार को एसपी कार्यालय पहुंची, जहां एसपी ने मामले को कोतवाली थाने जाने की बात कही।

---

# डीआईजी द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम के निर्माणाधीन भवन का किया गया निरीक्षण



छतरपुर। **पुलिस लाइन परिसर छतरपुर में पुलिस कंट्रोल रूम के नवीन भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है।**

यह दो मंजिला भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रहेगा। इस भवन में पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पुलिस कंट्रोल रूम कक्ष, सीसीटीवी सर्विलेंस कक्ष, क्विक रिस्पांस कक्ष, एफएसएल सहित अनेक कक्ष हैं। आधुनिक उपकरण एवं संसाधन सक्रिय रहेंगे। आकस्मिक पुलिस सेवा, छतरपुर पुलिस हेल्पलाइन इत्यादि जन सुविधा उपलब्ध रहेगी। आज पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज विजय कुमार खत्री द्वारा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान निर्माणाधीन पुलिस कंट्रोल रूम का वाह्य एवं आंतरिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र पूर्णिमा मिश्रा, पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन से इंजीनियर आनंद पाठक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# सीआरपीएफ जवान की करेंट लगने से हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी



**नौगांव।** नगर के न्यू कॉलोनी निवासी सीआरपीएफ जवान की करेंट लगने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ जवान गौरव सिंह राठौर की करेंट लगने से हुई मौत। सीआरपीएफ जवान करवा चौथ पर अपने घर 15 दिनों की छुट्टी पर आठ अक्टूबर को आया हुआ था। शनिवार को जवान गौरव सिंह सुबह नौगांव समीपी उत्तरप्रदेश के अपने पेतृक गांव धौर्रा मे गीले कपड़े रस्सी मे सूखने को डाल रहे थे तभी वह किसी बिजली के तार की चपेट मे आ गये और करेंट लगते ही जमीन पर बेहोशी की हालत में गिर गये। जब परिजनों ने देखा तो वहां गौरव बेहोशी की हालत मे पड़ा हुआ था। आनन फानन में परिजन स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए तब तक उनकी मौत हो चुकी थी । बताया जाता है कि सीआरपीएफ जवान गौरव सिंह राठौर करवा चौथ पर्व पर 8 अक्टूबर को 15 दिवस की छुट्टी लेकर घर आया हुआ था, 8 वीं सीआरपीएफ जी कंपनी इम्फाल मणिपुर में तैनात था, मृतक गौरव का शव पोस्टमार्टम के लिए नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। वहीं बटालियन को घटना की जानकारी दे दी गई है। मामले की पुलिस गहन जांच में जुट गई है।

**इनका कहना है -**

एक सीआरपीएफ जवान की मौत हुई है, जवान जहां पदस्थ था उसके अधिकारियों को सूचना दी गई है।

**बाल्मिकी चौबे**
थाना प्रभारी, नौगांव

---

# जिला प्रशासन की पीडब्ल्यूडी भवन विक्रय के मामले में बड़ी कार्यवाही

### कलेक्टर ने तत्कालीन एवं वर्तमान राजस्व प्रभारी नगरपालिका छतरपुर को किया निलंबित निलंबन काल में पीओडूडा रहेगा मुख्यालय

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने पीडब्ल्यूडी भवन के निजी व्यक्तियों के नाम विक्रय पंजीयन के मामले बड़ी कार्यवाही की है। कलेक्टर श्री जैसवाल ने सीएमओ नपा छतरपुर के प्रतिवेदन के आधार पर तत्कालीन राजस्व प्रभारी नगरपालिका दयाराम कुशवाहा, वर्तमान राजस्व प्रभारी राजेंद्र कुमार नापित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन आदेश में बताया गया कि लोक निर्माण विभाग का भवन जो नजूल शीट-अ भूखण्ड क्र. 120 क्षेत्रफल 307 वर्ग मीटर नजूल अभिलेख में लोक निर्माण विभाग उमाशंकर तिवारी के नाम से सम्पत्तिकर निर्धारण पंजी वर्ष 2023-24 तक दर्ज है जो कि सम्पत्तिकर निर्धारण एवं सम्पत्तिकर जलकर निर्धारण संग्रहण के उद्देश्य से नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 126-127 क के अंतर्गत दर्ज किया जाता है निकाय में संधारित वर्ष 2024-25 की सम्पत्तिकर निर्धारण पंजी में महल रोड़ बालाजी मंदिर के सामने वार्ड क्र. 27 सरल क्र. 86 पर पूर्व से अंकित भवन लोक निर्माण विभाग उमाशंकर तिवारी के नाम से दर्ज था जिसमें बिना सक्षम स्वीकृति के राकेश उपाध्याय, निशा, गोपाल, विजया पुत्री ब्रजेश उपाध्याय के नाम दर्ज किया गया है। सम्पत्तिकर निर्धारण पंजी में लाल स्याही से प्रविष्टी की गयी है। जिस संबंध में उक्त संबंधितों को सीएमओ द्वारा नोटिस जारी किया गया था। जबाव संतुष्ट पूर्ण नहीं होने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। इनका यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 (1) (2) (3) के तहत कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिससे कलेक्टर द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबनकाल में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शहरी विकास अभिकरण जिला छतरपुर रहेगा तथा उन्हें मूलभूत नियम 53 वी के तहत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। इसके अलावा कमलेश मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी, उपसंभाग छतरपुर दिनांक 24 फरवरी 2021 से वर्तमान दिनांक तक छतरपुर अनुविभागीय अधिकारी, उपसंभाग छतरपुर के पद पर कार्यरत है। श्री मिश्रा द्वारा मान- उच्च न्यायालय के प्रकरण क्रमांक एफए-06/2005 में पारित आदेश दिनांक 04.10.2024 में कोई अभिरुचि नहीं ली गई, जिससे पीडब्ल्यूडी की बेशकीमती जमीन विक्रय हो गई है। जिस कारण इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए कमिश्नर सागर को प्रस्ताव भेजा गया है।

---

# खाद का अवैध परिवहन करने पर थाना नौगांव में 2 लोगों पर एफआईआर दर्ज



### डीएपी खाद की 36 बंद एवं 2 खुली बोरियां जप्त, कीमत लगभग 50 हजार रुपए

### पिकअप वाहन जब्त, कीमत लगभग 5 लाख रुपए

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले में खाद का अवैध भंडारण एवं परिवहन करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में डीडीए डॉ. रवीश कुमार सिंह द्वारा अवैध खाद विक्रेताओं एवं खाद का अवैध परिवहन करने वालों पर मामला दर्ज कराया जा रहा है। शनिवार को जिले के थाना नौगांव में रामेश्वर साहू पिता भगवान दास साहू सटई रोड़ छतरपुर एवं अनिल साहू पिता परशु साहू ग्राम पठादा थाना ईशानगर के विरूद्व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7 के तहत मामला पंजीबद्व कराया गया है। और भारतीय जन उर्वरक परियोजना कंपनी की भारत डीएपी की 36 बोरियां बंद और 2 बोरियां खुली कीमत लगभग 50 हजार की जप्त की गई और खाद के अवैध परिवहन में लगी पिकअप एमपी 16 जेडजे 7114 को जप्त किया गया है। जिसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपीगण रामेश्वर साहू और अनिल साहू का जुर्म जमानती होने से दोनो को धारा 35 (3) बीएनएसएस का नोटिस तामील करा कर मौके से रूकसत किया गया ।

जानकारी के अनुसार नौगांव पुलिस को कस्बा भ्रमण के दौरान रात को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि कुछ लोग छतरपुर झांसी हाइवे पर छतरपुर तरफ से एक सफेद रंग की महिन्द्रा पिकअप गांडी क्रमांक एमपी 16 जेडजे 7114 से अबैध खाद लेकर बेचने के लिए जा रहें है। इस सूचना पर झांसी छतरपुर हाइवे पर पुलिस रवाना हुआ और पहुंच कर देखा तो हाइवे में मंजिल होटल के पास उक्त गाड़ी आती हुई दिखाई दी। जिसे चैक करने के उददेश्य से रोका गया महिन्द्रा गाड़ी में उक्त दोनो लोग बैठे थे जिनसे पुछताछ की गई और गाड़ी चैक की गई तो 36 बोरी डीएपी की बंद व 2 बोरी खुली पाई गई। डाईवर रामेश्वर साहू और दूसरे व्यक्ति अनिल साहू से खाद के कागजात मांगे गए, लेकिन उनके पास कोई कागजात नही थे। जिस पर आरोपीगणों के विरूद्व मामला दर्ज कर पिकअप सहित खाद जप्त की गई और मामले की विवेचना की जा रही है।

---

# एसपी ने 75 से अधिक बदमाशों की कराई परेड, हिदायत देकर भरवाए बांड



**छतरपुर।** जिले में अपराध पर सख्त नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शनिवार को पुलिस लाइन में गुंडों का मेला लगाया गया। इस दौरान सिटी कोतवाली, सिविल लाइन और ओरछा थाना क्षेत्र के 75 से अधिक बदमाशों को बुलाकर परेड कराई गई और सख्त हिदायत देकर उनसे बांड भरवाए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी, प्रभारी एएसपी रविन्द्र मिश्रा, सीएसपी, कोतवाली थाना प्रभारी, सिविल लाइन थाना प्रभारी और ओरछा रोड थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। परेड के दौरान टेबल लगाकर सभी अपराधियों का विवरण दर्ज किया गया। एसपी ने चेतावनी दी कि कोई भी व्यक्ति त्योहारों के दौरान शांति भंग करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि दिवाली के बाद जिले में रोजगार मेला भी लगाया जाएगा ताकि अपराध की राह पर चल रहे लोगों को मुख्यधारा में जोड़ा जा सके।

### दीपावली मेला तहसील ग्राउण्ड परिसर में आज से

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया 11 से 20 अक्टूबर तक तहसील ग्राउंड में जिला प्रशासन के द्वारा दीपावली मेला लगाया जायेगा। इस मेले में जिले के स्व-सहायता समूहों के उत्पादों के 80 से अधिक स्टॉल लगेंगे। साथ ही प्रजापति समाज के जो लोग दीये आदि बनाते हैं, दीपावली में सजावट का समान पूरा बनता हैं, इन सब समानों की विक्री यहां पर की जाएगी, इसके अलावा बुंदेली व्यंजनों का स्वाद भी लोग यहां पर ले सकेंगे। उन्होंने कहा 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक नगर पालिका के माध्यम से दीपावली की बिकने वाली सामग्री लगेंगी। स्व-सहायता समूह का प्रदर्शन 11 से 15 अक्टूबर तक है और 16 से 20 अक्टूबर तक दीपावली की जनरल बिक्री की सामग्री वहां पर लगेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी जिलेवासियों से आग्रह करते हुए कहा लोकल को वोकल बनाने का एक अवसर हैं जो प्रधानमंत्री जी, मुख्यमंत्री जी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों का संदेश भी हैं। कृपया लोकल को वोकल बनाने के लिए स्व-सहायता समूह की बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए इस मेले में जरूर आएं और इनके उत्पादों को अवश्य खरीदें। सभी जनप्रतिनिधिगण भी कल उपस्थित रहेंगे जिनके मार्गदर्शन में यह मेला आयोजित किया जा रहा हैं।

---

# सांसद खेल महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ, खिलाड़ी दिखाएंगे अपने जौहर

**नौगांव।** शनिवार को शहर के नवीन बापू डिग्री कॉलेज खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव में महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें कबड्डी, दौड़, टेबिल टेनिस सहित विभिन्न खेल खेले जाएंगे। समापन 13 अक्टूबर को होगा।

सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सांसद प्रतिनिधि धीरेन्द्र शिवहरे ने कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के खेलो इन्डिया के तारतम्य में टीकमगढ़ सांसद डॉ वीरेंद्र खटीक के मार्ग दर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन से निश्चित रूप से क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं उभरकर सामने आऐगी । मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सोनकिया ने इस अवसर पर कहा कि सांसद खेल महोत्सव से निश्चित रूप से युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा दूर दराज के युवा अपने विभिन्न खेलों का प्रदर्शन कर सकेंगे।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष अनूप तिवारी, मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सोनकिया, सांसद प्रतिनिधि धीरेन्द्र शिवहरे, राघवेन्द्र सिंह नाती राजा, दीपक दीक्षित, अजीत सिंह, महामंत्री भोले पटैरिया, प्राचार्य पी के मिश्रा, डॉ हेमंत यादव,श्याम पाठक, अभिषेक पटेरिया, लव सुल्लेरे, चिरंजीलाल निरन्जन, रवि प्रजापति, महेश राय, दिनेश दीक्षित, लल्लू राम अहिरवार, शिवम् द्विवेदी, महेंद्र विश्वकर्मा, दीपू चौबे, अभिषेक निरन्जन आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### लाड़ली बहनों को 12 अक्टूबर को मिलेगी 29वीं किस्त

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश की लाड़ली बहनों को 12 अक्टूबर को 29वीं किस्त जारी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्योपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की लगभग एक करोड़ 26 लाख 86 हजार लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 29वीं किस्त की 1541 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण करेंगे।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 अक्टूबर को विभिन्न एजेंडा विषयों पर होगी समीक्षा

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 अक्टूबर को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदकों की शिकायतों का समाधान करेंगे। यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन के विभिन्न विषयों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की जाएगी। इनमें किसान क्रेडिट कार्ड, रासायनिक खाद और बीज का वितरण, नलजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति, नवीन राशनकार्ड जारी करना एवं कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना में मजदूरों के पंजीयन शामिल हैं। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, मेडिकल कालेज में प्रसूति सहायता योजना से राशि न मिलने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति और छात्रवृत्ति के वितरण तथा सरकार के विभिन्न पोर्टलों के उपयोग में हो रही असुविधा से संबंधित आवेदन पत्र शामिल रहेंगे। एजेण्डा बिन्दु में नगरीय क्षेत्र में सड़कों, गलियों, नालियों और सीवरेज की साफ-सफाई, मच्छरों के रोकथाम तथा सफाईकर्मियों से जुड़ी शिकायतें शामिल रहेंगी।

### भजिया में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 13 को

**बड़वारा।** बनवारी दास महाराज के सानिध्य में मानव सेवा हितार्थ आंखों का निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मानव सेवा की इसी श्रंखला में दिनांक 13,10,2025 को बड़वारा जनपद के भजिया ग्राम पंचायत में मेन बाजार शनि मंदिर के सामने उपाध्याय मेडिकल के बाजू में प्रत्येक माह की 13 तारीख को एवम भरभरा धाम (ढीमरखेड़ा) में 15 तारीख को आंखों की निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाता है एवम चश्मा प्रदान किये जाते हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की लगी ड्यूटी

**कटनी।** प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल के आगामी दो दिवसीय कटनी दौरे के मद्देनज़र सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई है। साथ ही सभी अधिकारियों को समय-सीमा में सौंपे गये कार्य पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं। राज्यपाल श्री पटेल शनिवार 11 अक्टूबर कटनी पहुंचेंगे और रविवार 12 अक्टूबर को स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम हरदुआ में भ्रमण करेंगे। जारी आदेश के अनुसार एसडीएम ढीमरखेड़ा श्रीमती निधि गोहल और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आदित्य प्रकाश द्विवेदी को कार्यक्रम स्थल पर ग्रीन/सेफ हाउस में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र कुमार पटेल एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मुड़वारा अवंतिका तिवारी कार्यक्रम स्थल में मंच पर कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगे। इसी प्रकार पुलिस लाइन हेलीपैड झिंझरी पर कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर विंकी उइके एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अजीत तिवारी को, सर्किट हाउस से कार्यक्रम स्थल एवं कार्यक्रम स्थल से हेलीपैड में डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आकाशदीप नामदेव तथा राज्यपाल के आगमन से प्रस्थान तक कार्यक्रम के दौरान एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आशीष अग्रवाल की ड्यूटी लगाई गई है।

# रीवा बना प्रदेश का पहला नगर निगम जिसने शुरू की इलेक्ट्रिक वाहन सेवा

## 16 ईवी वाहनों के साथ प्रशासनिक कार्यों में नई शुरुआत 30% वार्षिक बचत और प्रदूषण में भी भारी कमी की उम्मीद

रीवा।

नगर निगम ने प्रशासनिक कार्यों में एक बड़ा नवाचार करते हुए 10 अक्टूबर से इलेक्ट्रिक वाहन सेवा की शुरुआत की है। यह कदम मध्यप्रदेश के किसी भी नगर निगम ने पहली बार उठाया है। महापौर अजय मिश्रा, निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय और निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे की उपस्थिति में यह सेवा विधिवत रूप से प्रारंभ की गई। नगर निगम के कार्यालय सहायक रामशिरोमणि सेन ने हरी झंडी दिखाकर ईवी सेवा की शुरुआत की गई। निगम ने कुल 16 इलेक्ट्रिक वाहन किराए पर लिए है, जो विभिन्न प्रशासनिक शाखाओं जैसे राजस्व, स्वास्थ्य और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए उपयोग में लाए जाएंगे। महापौर ने बताया कि यह निर्णय 6 अक्टूबर को भोपाल में नगरीय प्रशासन विभाग की उच्चस्तरीय बैठक के दौरान लिया गया था। उन्होंने बताया कि रीवा नगर निगम ने यह वादा किया था कि 10 अक्टूबर से शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग शुरू किया जाएगा और अब उस वादे को निभाते हुए रीवा मध्यप्रदेश का पहला नगर निगम बन गया है।





निगम अध्यक्ष व्यंकटेश ने इसे रीवा को क्लीन और ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। बता दें कि वर्तमान में जहां डीजल वाहनों के संचालन पर नगर निगम का वार्षिक व्यय लगभग 38 लाख रुपए था, वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से यह खर्च घटकर लगभग 27 लाख रुपए रहने की उम्मीद है। इससे नगर निगम को लगभग 30 प्रतिशत की प्रतिवर्ष सीधी बचत होगी। इसके साथ ही वायु प्रदूषण न के बराबर होगा।

# रेडक्रास सोसायटी द्वारा एयरपोर्ट रीवा में प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया




**रीवा।** रेडक्रास सोसायटी रीवा द्वारा एयरपोर्ट रीवा में प्राथमिक उपचार के साथ ही फायर ट्रेनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी तथा डायरेक्टर एयरपोर्ट की उपस्थिति में डॉ आनंद महिन्द्रा द्वारा मानव शरीर रचना, फ्रैक्चर, वर्न, घाव में फस्टएड के संबंध में जानकारी दी गई। जबकि डॉ जगजीवन पाण्डेय ने रक्तस्राव को रोकने की विधि बताई। डॉ सुशील त्रिपाठी द्वारा कृत्रिम श्वास एवं हृदय पुनर्संचालन व डूबते हुए व्यक्ति को बचाने के विषय में बताया गया। इसी क्रम में एके खान ने आपदा प्रबंधन व सुरेन्द्र सिंह ने रेडक्रास के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रोफेसर बृजेश पाण्डेय, ऐश्वर्य कुमार मीणा सहित एयरपोर्ट के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# नगरीय निकायों में दैनिक वेतन भोगियों की नियुक्ति पर रोक, नगरीय प्रशासन ने निकायों से मांगी रिपोर्ट, पूर्व से नौकरी करने वालों पर खतरा

**रीवा।** नगरीय निकायों में दैनिक वेतन भोगियों की नियुक्ति को लेकर एक बार फिर शासन के स्तर पर रोक लगाई गई है। वित्त विभाग की आपत्ति के बाद अब नगरीय प्रशासन विभाग ने नगर निगम सहित सभी निकायों के प्रमुखों का पत्र भेजा है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि दैनिक वेतन पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति नहीं की जाए।

पहले भी कई बार इस तरह के दिशा निर्देश जारी होते रहे हैं. इसके बावजूद कई जगहों पर नियुक्तियां किए जाने के मामले सामने आए हैं। कुछ दिन पहले प्रमुख सचिव ने भी सभी महापौर और निगम आयुक्तों की बैठक में भी इस मामले पर चर्चा को श्री और कहा था। था कि किसी भी तरह से दैनिक वेतन भोगियों की नियुक्तियां नहीं की जाएं। अब उसी संदर्भ में रीवा सहित प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों को पत्र भेजा गया है। इसके पहले 28 मार्च वर्ष 2000 में वित्त विभाग की आपत्ति के बाद प्रदेशभर में नगरीय निकायों को दिशा निर्देश जारी किए गए थे कि दैनिक वेतन भोगियों की नियुक्ति नहीं की जा जाए। निकायों द्वारा मस्टर पर श्रमिकों को रखे जाने की प्रक्रिया चलती रही और समय-समय पर उन्हें दैनिक वेतन भोगी में परिवर्तित किया जाता रहा है। अब ऐसे मामलों में लोग नियमितीकरण की मांग लेकर कोर्ट भी जा रहे है, जिसके चलते लगातार शासन के सामने चुनौतियां आ रही हैं। पूर्व में जारी सर्कुलर की अनदेखी कर निकायों द्वारा किए जा रहे भुगतान के चलते अब आपत्ति फिर से से आई है। इसी कारण नियुक्तियों पर रोक लगाने के लिए कहा गया है।25 साल में हुई नियुक्तियों की मांगी रिपोर्टनगरीय प्रशासन विभाग के उप है, जिसमें सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला का पत्र नगर निगम रीवा के पास भी आया है। जिसमें बीते 25 वर्षों में दैनिक वेतन भोगियों की हुई नियुक्तियों की की जानकारी मांगी गई है। इसके लिए प्रारूप भी भेजा गया है,। दैवेभो कर्मचारी का नाम नियुक्ति दिनांक, वर्तमान पारिश्रमिक, तत्कालीन निकाय प्रमुख अधिकारी का नाम, राज्य शासन की अनुमति आदि के संबंध संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है। यह जानकारी आगामी 25 अक्टूबर के पहले नगर निगम को शासन के पास भेजनी है। इसी प्रारूप में जिले के अन्य नगरीय निकायों को भी जानकारी भेजनी है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान की परीक्षण विधि

**रीवा।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को दैनिक उपयोग की विभिन्न वस्तुओं एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान के लिए परीक्षण विधि की जानकारी दी गई है। इस परीक्षण विधि का उपयोग कर मिलावटी चीजों की आसानी से पहचान की जा सकती है। दूध और दही में मिलावट को जानने के लिए दूध व पानी बराबर मिलाकर हल्का गर्म कर दो-तीन बूंद टिंचर आयोडीन डालने से यदि रंग नीला हो जाए तो स्टार्च की मिलावट होती है। इसी प्रकार पनीर, मावा व छेने की मिठाईयों में दो-तीन बूंद टिंचर आयोडीन डालने पर रंग काला आ जाए तो इसमें भी स्टार्च मिला हो सकता है। घी को तेज गर्म करने पर यदि यह तेजी से नहीं पिघलता और गर्म होने के साथ खुशबू कम हो तो यह मिलावटी हो सकता है। कटे हुए आलू के टुकड़े पर थोड़ा सा नमक डालने के बाद दो-तीन बूंद नीबू रस डालते ही यदि रंग नीला आ जाए तो इसमें आयोडीन मिला होगा। हल्दी, मिर्ची, धनिया व गरम मसाले में दो-तीन बूंद टिंचर आयोडीन डालने पर रंग नीला आ जाए तो उसमें स्टार्च की मिलावट होती है। इसी प्रकार लाल मिर्ची व हल्दी पाउडर को काँच की ग्लास में भरकर रखने पर यदि गहरा रंग आए तो यह मिलावटी है। हींग में मिलावट की पहचान के लिए इसे एक ग्लास पानी में डालकर घोलने पर यदि पानी दुधिया न हो और हींग नीचे बैठ जाए तो हींग मिलावटी है। काली मिर्च को ग्लास से भरे पानी में डालने पर काली मिर्च तलहटी में बैठ जाए और पपीते के बीज या अशुद्धियां सतह पर तैरने लगे तो वह मिलावटी होती है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा परीक्षण विधि में बताया गया है कि खाद्य तेल में एक चम्मच शुद्ध घी मिलाने से यदि रंग लाल हो जाए तो यह तेल लुब्रीकेंट युक्त है। शहद को पानी में डालने पर यदि वह तलहटी में बैठ जाए तो वह शुद्ध होता है। मिलावटी शहद में पानी में सीधे घुल जाता है। इसी प्रकार चायपत्ती सफेद खाली पेपर पर रखकर कुछ बूंद पानी की डालने पर गहरा कलर छोंड़े और वह कलर तेजी से पेपर में फैलने लगे तो चायपत्ती में मिलावट होगी। आइसक्रीम को एक काँच की कटोरी में लेकर दो-तीन बूंद नीबू रस डालने पर यदि बुलबुले आएं तो डिटर्जेंट की मिलावट होगी। चाँदी के वर्क को हथेली में रखकर घिसने पर शुद्ध वर्क गायब हो जाएगा और यदि उसमें एल्युमीनियम की मिलावट होगी तो वर्क हथेली में बना रहेगा।

# घर से चंद दूरी पर खेत में मिली युवक की लाश बैकुंठपुर थाना क्षेत्र बड़ी हरदी की घटना




**रीवा।** जिले बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बडी हरदी में एक युवक का घर से चंद दूरी पर खेप में पड़ा मिला। परिजनों ने युवक की हत्या का संदेह जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। सूचना के बाद पुलिस ने युवक के शव का पीएम करवाया है। पुलिस की माने तो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होगे। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक युवक का शव खेत में पड़ा मिला था, जिसकी सूचना परिजनों द्वारा बैकुंठपुर पुलिस को दी गई। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बाबूलाल कोल निवासी बड़ी हरदी ने बताया कि उनका भांजा रामनरेश कोल उन्हीं के पास रहता था। शुक्रवार की सुबह के करीब 4 बजे उन्हें गांव के लोगों ने बताया कि रामनरेश खेत में पड़ा हुआ है। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे तो पाया कि रामनरेश की मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजन बैकुंठपुर थाने पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। परिजनों को अंदेशा है कि उनके भांजे की हत्या की गई है पुलिस थाना फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं पीएम रिपोर्ट और पुलिस की जांच के बाद ही युवक की मौत के कारणों का पता चल पाएगा। बाबूलाल ने बताया कि उसका भांजा रामनरेश रात में घर में ही सोया था पता नहीं कितनी देर वह घर से निकल गया। फिलहाल वैकुंठपुर पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की गंभीर से जांच कर रही है।

# नशे की हालत में चिकित्सक ने अस्पताल में मचाया उत्पात, सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने कराया

रीवा।

संभाग के सबसे बड़े संजय गांधी अस्पताल में बीती रात मेडिसिन विभाग में तैनात चिकित्सक ने नशे की हालत में जमकर हंगामा किया। चिकित्सक ने बार्ड में जमकर उत्पात मचाया जिसके बाद वह खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। जब मामले की शिकायत वार्ड में मौजूद अन्य चिकित्सकों ने प्रबंधन से की तो अस्पताल प्रबंधन ने उसे पकड़कर अमहिया पुलिस को सौप दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मेडिसिन विभाग के वार्ड नंबर 4 में मरीज अपना इलाज करवा रहे थे, इसी दौरान डॉ विवेक नशे का हालत में पहुंचा और हंगामा शुरू कर दिया। घटना को देख अस्पताल का स्टाफ सहित मरीज और उनके अटेंडर हतप्रभ रह गए। बताया गया कि उक्त चिकित्सक से परेशन होकर अन्य स्टाफ ने प्रबंधन से लिखित शिकायत की है। अस्पताल प्रबंधन ने सूचना मिलते ही पुलिस को सूचना दी,जिसके बाद अस्पताल में मौजूद सुरक्षा अर्मियों ने डाक्टर को बंद कमरे से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी गई। अस्पताल के उप अधीक्षकडॉक्टर यत्लेश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि देर रात अस्पताल में ड्यूटी में तैनात मेडिसिन विभाग में नर्सिंग ऑफिसर विवेक द्वारा जमकर उत्पाद मचाए जाने की शिकायत आने के बाद कार्रवाई की जा रही है। डॉ विवेक की अनुशासनहीना को लेकर अब कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। डाक्टर यत्लेश त्रिपाठी ने माना कि नर्सिंग ऑफिसर द्वारा बार्ड में उत्पात मचाया जा रहा था और वार्ड के एक कमरे ने नर्सिंग ऑफिसर द्वारा खुद को बंद भी कर लिया गया था। बहरहाल अस्पताल के स्टाफ ही जब अस्पताल में इस तरह का कृत्य करेंगे तो मरीजों और अटेंडर का यहां क्या हाल होगा समझा जा सकता है। बहरहाल मामले को लेकर अस्पताल के अन्य स्टाफ के बयान के आधार पर अस्पताल चौकी पुलिस कार्रवाई कर रही है।



# रीवा में उच्च न्यायालय के खंडपीठ की मांग को लेकर सौंपा मांग पत्र केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मिले सांसद जनार्दन मिश्रा

रीवा।

जनार्दन मिश्रा ने केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से मुलाकात कर रीवा में उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित किए जाने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने एक मांग-पत्र भी सौंपा, जिसमे विश्य क्षेत्र की ऐतिहासिक न्यायिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए खंडपीठ की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सांसद मिश्रा ने बताया कि विक्रय प्रदेश में 1935 में उच्च न्यायालय की स्थापना की गई थी, जिसे 1952 में विध्य प्रदेश राज्य बनने के साथ राज्य न्यायालय का स्वरूप दिया गया। लेकिन 1956 में मध्यप्रदेश में विलय के बाद इसे समाप्त कर दिया गया। तब से लेकर आज तक किय क्षेत्र में खंडपीठ की पुनः स्थापना को लेकर जन आंदोलनों की लहर चलती रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश विधानसभा में भी रीवा में उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित किए जाने का प्रस्ताव पारित हो चुका है। साथ ही अधिवक्ता संघों द्वारा भी समय-समय पर प्रदर्शन और आंदोलन किए जाते रहे हैं। सांसद ने यह भी बताया कि विध्य क्षेत्र में 15 हजार से अधिक अनुभवी अधिवक्ता कार्यरत है, जो इस खंडपीठ को सफलतापूर्वक संचालित करने की पूर्ण क्षमता रखते हैं। इसके अलावा क्षेत्र में बड़ी संख्या में आदिवासी, पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग निवास करते हैं, जिन्हें न्याय सुलभ कराने के लिए स्थानीय स्तर पर खंडपीठ की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। मंत्री मेघवाल ने सांसद द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र को गंभीरता से लेते हुए इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।



# मच्छर जनित बीमारियों से बचने की सलाह

**रीवा। जिला मलेरिया अधिकारी ने वर्षाकाल के उपरांत मच्छर जनित बीमारियों डेंगू व मलेरिया से बचने की सलाह दी है। बारिश के बाद ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जगह-जगह जल भराव व वातावरणीय परिस्थितियां मच्छरों के अनुकूल होने से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारी की संभावना बनी रहती है।**

उन्होंने बताया कि जनवरी माह से सितम्बर माह तक रीवा जिले में 155 व मऊगंज जिले में 15 डेंगू के प्रकरण सामने आए हैं। रीवा शहरी क्षेत्र में 36 डेंगू के पॉजिटिव मरीज पाए गए। सर्वे के दौरान 27317 घरों में 33238 कंटेनर चेक किए गए जिनमें से 37 पॉजिटिव लार्वा पाए गए साथ ही 16537 कंटेनर खाली भी कराए गए। मलेरिया विभाग के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा सतत रूप से लार्वा सर्वे, फीवर सर्वे के साथ ही स्कूलों व आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं घर-घर भ्रमण कर बीमारियों से बचाव एवं उनके नियंत्रण के संबंध में जानकारियाँ दी जा रही हैं। इस कार्य में एंबेड प्रोजेक्ट गोदरेज प्राइवेट लिमिटेड के वालेंटियर्स भी सहयोग कर रहे हैं। मलेरिया अधिकारी ने लोगों से डेंगू व मलेरिया बीमारी से सावधानियाँ बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मलेरिया और डेगू से मरीज को ठण्ड लगकर बुखार आता है। प्रायः खेत, तालाब, गड्ढे, खाई, घर के आसपास रखे हुए टूटे-फूटे डब्बे, पुराने टायर, पशु के पानी पीने का नाद इत्यादि में बरसात के दिनो में जल जमा हो जाता है। जिसमें मच्छर के लार्वा पैदा होते हैं जो बाद में मच्छर बनकर रोग फैलाते हैं। मलेरिया से बचाव हेतु घर के आसपास जल जमा न होने दें, रूके हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ ऑयल डालें। कूलर, फूलदान, फ्रिज ट्रे आदि को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। कीटनाशक का छिडकाव करवायें, मलेरिया रोग हो जाने पर खून की जांच अवश्य करायें एवं चिकित्सक की सलाह से पूर्ण उपचार लें।

### हनुमना एसडीएम ने विद्यालयो का औचक निरीक्षण किया

# विद्यालयों में अनियमितता पाये जाने पर समूह संचालक और प्राचार्य प्रधानाध्यापक को नोटिस

**मऊगंज।** जिले के अंतर्गत हनुमना एसडीएम एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वक हनुमना के संयुक्त टीम के द्वारा विद्यालय,छात्रावास में औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें औचक निरीक्षण के दौरान कई अनियमिताएं लापरवाही पाई गई। जिसमें संबंधितों को कारण बताओं नोटिस दिया गया है वहीं सही जवाब ना आने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी उल्लेखनीय है कि एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी एवं बीआरसीसी लक्ष्मणधर द्विवेदी के संयुक्त टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया जहां कई समूह संचालकों पर लापरवाही पाई गई जिसमें निरीक्षण के दौरान रसोई घर में साफ सफाई नहीं पाई गई भोजन चूल्हे में बनाया जा रहा है।जबकि धुआं रहित चूल्हे उपयोग करने का निर्देश है भोजन छात्र संख्या के मान से एवं मेनू अनुसार नहीं बनाया गया भोजन गुणवत्तापूर्ण नहीं पाया गया। वही मध्यान भोजन वितरण में अनियमिता एवं लापरवाही पाए जाने पर समूह संचालकों पर नोटिस देकर जवाब मांगा गया है वही सही जवाब न देने पर कार्यवाही की जाएगी। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के अंतर्गत अध्यक्ष एवं सचिव जय माता स्वसहायता समूह पिपराही, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के अंतर्गत अध्यक्ष एवं सचिव लक्ष्मी स्व सहायता समूह भमरहा,गंगा स्व सहायता समूह प्रतापगज, सरस्वती स्व सहायता समूह कैलाशपुर प्राथमिक एवं माध्यमिक, सावित्री स्व सहायता समूह प्रतापगज, पूजा स्व सहायता समूह बीरादेई प्राथमिक विद्यालय, के समूह संचालकों पीएम पोषण अंतर्गत संचालित है।अनियमिता एवं लापरवाही पाए जाने पर जवाब मांगा गया है। औचक निरीक्षण के दौरान जहां विद्यालय के प्राचार्य शासकीय उ० मा०विद्यालय प्रतापगज, शासकीय उ०मा०विद्यालय कैलाशपुर, प्रधानाध्यापक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपराही, प्रधानाध्यापक शासकीय प्राथमिक विद्यालय जोगिवीर, प्रधानाध्यापक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भमरहा, इन विद्यालयों के जिम्मेदारों पर लापरवाही पाई गई है जिसमें तीन दिवस के अंदर जवाब मांगा गया है। जैसे शाला परिसर एवं अध्यापन कक्षा में पर्याप्त गंदगी पाई गई कक्षा में शिक्षक अनुपस्थित पाए गए कक्षाओं में छात्राओं की उपस्थिति कम पाई गई शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं पाई गई प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में मध्यान भोजन मेनू अनुसार एवं गुणवत्ता पूर्ण नहीं बनाया गया रसोईया में गंदगी पाई के भोजन बनाने में चूल्हे का उपयोग किया जा रहा है, विद्यालयों में कार्य समूह संचालक क्यों नहीं की गई कार्यवाही, छात्र-छात्राओं निर्धारित यूनिफॉर्म में नहीं पाए गए। इसी तरह निरीक्षण छात्रावास में भी की गई जिसमें आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास पिपराही, कन्या आश्रम पिपराही, के अधीक्षकों पर भी नोटिस दिया गया है।तीन दिवस के अंदर जवाब न देने पर कार्यवाही की जाएगी। संयुक्त टीम के द्वारा बताया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों की दिशा निर्देश के अनुसार निरीक्षण किया जा रहा है वही कार्यवाही भी की जाएगी इस नोटिस के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

# मऊगंज में कांग्रेस पार्टी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का हुआ आयोजन

मऊगंजः

कांग्रेस पार्टी द्वारा चालू किए गए राष्ट्रव्यापी आंदोलन वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार मऊगंज जिले के नेता प्रदेश कांग्रेस महासचिव पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के मार्गदर्शन पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरिलाल आदिवासी के नेतृत्व में एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मऊगंज के अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी एडवोकेट के आयोजकत्व मे आज मऊगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मऊगंज ब्लॉक के ग्राम बरहटा में जिले के प्रभारी सौरभ मिश्रा के उपस्थिति में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता यदुवंश मिश्रा मऊगंज नगर के कांग्रेस नेता विश्वनाथ मिश्र विष्णु दादा युवक कांग्रेस जिला अध्यक्षआशुतोष तिवारी अल्पसंख्याक के जिला अध्यक्ष शेख मुख्तार सिद्दीकी अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष शिवलाल साकेत पार्षद प्रतिनिधि विद्या चरण दुबे मंत्री युवक कांग्रेस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मकसूद खान रविकांत पांडेय रोहित पटेल रामसजीवन तिवारी मानेश्वर चतुर्वेदी प्रवीण सिंह उमेश चतुर्वेदी चतुर्वेदी रमाशंकर शुक्ल पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विपिन शुक्ला दादू द्विवेदी राकेश मिश्रा राजकुमार साहू दिलीप मिश्रा राममिलन कुशवाहा कमल मिश्रा, अयोध्या पटेल मोतीलाल पटेल जानकी पटेल बबलू यादव संतोष यादव, बाबूलाल पटेल सुरेश विश्वकर्मा सरदार गुप्ता इंद्रमणि गुप्ता अभिषेक साकेत रामजी कोल बृजेश कोल, कुंभकर्ण कोल सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में हस्ताक्षर अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम का सफल संचालन रविकांत पाण्डेय जी के द्वारा किया गया अंत में कार्यक्रम के आयोजक ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी ने आए हुए समस्त कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया।

